हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–78 : जौनपुर, शुक्रवार 18 नवम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम ने नए आईपीएस अफसरों से बात कर जानी काबिलियत

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशिक्षण पूरा कर चुके 2017 बैच के आईपीएस अफसरों को जिलों में बतौर पुलिस कप्तान तैनाती देने से पहले उनसे बात की। पहले डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान ने सभी अफसरों से उनकी कबिलियत पूछी, इसके बाद मुख्यमंत्री ने अफसरों से सवाल जवाब किए। सीएम ने कहा कि आप लोगों को जल्द ही चरणबद्ध तरीके से जिलों में तैनाती दी जाएगी। उन्होंने अफसरों को शासन की प्राथमिकताएं और अपेक्षाएं भी बताईं। 2017 बैच के ये अफसर एक साल पहले ही जिलों में तैनाती के लिए अर्ह हो चुके थे, लेकिन इन्हें अब जिलों में भेजने की तैयारी है। इस बैच में कुल 14 अधिकारी हैं। इनमें से 13 उपस्थित रहे जबकि सोमेंद्र मीना अपनी शादी से शामिल नहीं हो सके। सीएम ने पहले




एक–एक अफसरों का परिचय जाना फिर जिलों में प्रशिक्षण अवधि में तैनाती के दौरान किए गए उत्कृष्ट कामों के बारे में पूछा। पुलिसिंग को बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी मांगें। हालांकि अधिकारियों से पहले ही पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन मंगा लिया गया था। सीएम के सामने सिर्फ चार अधिकारियों प्रयागराज में तैनात एएसपी सौरभ दीक्षित, लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में तैनात प्रभारी पुलिस उपायुक्त एसएम कासिम आब्दी, गाजियाबाद में तैनात दीक्षा शर्मा और आगरा में एएसपी विकास कुमार का का ही पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन हुआ।

## एमएलसी अवनीश कुमार ने किया वार्षिक पत्रिका ''हस्ताक्षर'' का विमोचन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री महावीर प्रसाद महिला महाविद्यालय, सूर्यनगर, राजाजीपुरम, लखनऊ के सभागार में महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका ''हस्ताक्षर'' के विमोचन एवं अमृत महोत्सव हेतु सरदार पटेल जी के जीवन पर आधारित नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ई० अवनीश कुमार (विधान परिषद सदस्य, उत्तर प्रदेश), विशिष्ट अतिथि डॉ० श्रवण कुमार (प्रोफेसर शिक्षा संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ) थे। अन्य अतिथि के रूप में पार्षद रेखा सिंह की भी उपस्थिति महाविद्यालय के लिए उत्साहित करने वाली रही। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्रबंधक अवधेश सिंह, कार्यकारिणी समिति की सदस्या मुन्नी देवी, निदेशक डॉ० अमित कुमार, डी०एल०एड० विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्या डॉ० विजया आर० वर्मा की उपस्थिति में कराया गया। कार्यक्रम की गरिमा में वृद्धि हेतु माँ माहेश्वरी सांस्कृतिक सेवा समिति की टीम उपस्थित थी। महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका ''हस्ताक्षर'' का विमोचन मुख्य अतिथि ई० अवनीश कुमार, विधान परिषद सदस्य, उत्तर प्रदेश के कर कमलों द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक महोदय अवधेश सिंह ने अतिथिगण का स्वागत किया और उनकी गरिमामयी उपस्थिति को महाविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण कहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने भावी शिक्षकों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए स्वयं को समर्थ बनाने का आहवान किया। साथ ही लोहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन को राष्ट्र के निर्माता होने में उनके चुनौतीपूर्ण महत्वपूर्ण योगदान को याद दिलाया। विशिष्ट अतिथि डॉ० श्रवण कुमार ने सरदार पटेल के चिंतन पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों से प्रतिभा को विकसित करने को कहा। सांस्कृतिक संस्था द्वारा राष्ट्र निर्माता सरदार पटेल जी के जीवन के सफल नेतृत्व एवं कृतित्व के कुछ हुए




एवं अनछुए पहलू का जीवंत नाट्य मंचन द्वारा रोचक एवं प्रेरक प्रस्तुति की गई। इसके निर्देशक शिवेन्द्र पटेल एवं लेखक राजेन्द्र भगत है । इसमें भाग लेने वाले कलाकार का परिचय इस प्रकार है सूत्रधार आशुतोष गुप्ता, सरदार बल्लभ भाई पटेल योगेश शुक्ला, अमरेश आर्यन, जवाहर लाल नेहरू : राज दुबे आदि । डी०एल०एड० प्राचार्या डॉ० विजया आर वर्मा ने वार्षिक हस्ताक्षर ''हस्ताक्षर'' पत्रिका का परिचय, संघर्ष एवं इससे संबंधित कविता के ऊपर प्रकाश डाला और धन्यवाद ज्ञापन किया।सरदार पटेल जी से संबंधित नृत्य एवं गीत में बी०एड०, डी०एल०एड० एवं बी०एल०एड० की प्रशिक्षुओं ने मनोरंजक प्रस्तुति की। इन प्रशिक्षुओं में प्रतीक्षा सिंह, सलोनी भारद्वाज, प्रियंका त्रिपाठी, संध्या यादव, प्रियंका शर्मा, गुन्न खत्री, प्रियंका बाजपेई आदि सम्मिलित थे। इस कार्यक्रम में विभिन्न पाठ्यक्रम के लगभग 200 से अधिक प्रशिक्षु एवं कलाकार सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम का सफल मंच संचालन प्रवक्ता शालिनी पाण्डेय द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त इन शिक्षक–शिक्षिकाओं डॉ० शिवाकान्त श्रीवास्तव, अंजू सिंह, मनीषा पाण्डेय, विजय कुमार मिश्रा, अभिषेक वर्मा, जसप्रीत कौर, डॉ० मंजेश कुमार, डॉ० माधव कुमार राय, शालिनी सिंह, जितेन्द्र कुमार मण्डल, पद्मा त्रिपाठी, एकता सिन्हा, वैशाली देवल सहित अन्य कार्यालय कर्मी कमलेश कुमार, ज्योति शर्मा सुधीर त्रिपाठी एवं हर्षित कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

## पराली जलाना दण्डनीय अपराध

जौनपुर सू.वि. : कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कृषि विभाग द्वारा विकास खण्ड केराकत एवं डोभी के कार्यालय परिसर में ब्लाक स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठीध्कृषि निवेश मेला का आयोजन किया गया, इसमें किसानों को आधुनिक तकनीकीयो से खेती करने तथा खेतों में पराली न जलाने का सुझाव दिया गया। अपर जिला कृषि अधिकारी डा0 रमेश चंद्र यादव ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत प्रत्येक किसान को हर चार माह पर रु0 दो हजार की किस्त के रूप में कुल 6000 रूपए वार्षिक आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है, अब तक जनपद में 701000 किसानों को उक्त योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। भुलेख अंकन एवं ईकेवाईसी न कराने वाले किसानों की किस्त रोक दी गयी है ऐसे किसान राजकीय बीज गोदाम पर जाकर भूमि का सत्यापन करा सकते है। ई – केवाईसी के लिए किसान अपना आधार कार्ड लेकर के नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर जाकर बायोमेट्रिक ढंग से अपना ईकेवाईसी करा सकते हैं। उन्होंने किसानों से खतों में पराली न जलाने बल्कि बायो डी कम्पोजर से खाद बनाने का सुझाव दिया तथा बताया कि सैटेलाइट से पकड़ें जाने पर जुर्माना के साथ सारी सरकारी योजनाओं से बंचित कर दिए जाएंगे। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक अमहित डा0 संजीत कुमार ने रबी फसलों की वेहतर उत्पादन तकनीक यथा बीज शोधन, लाइन सोईंग, खरपतवार सुरक्षा तथा कृषि वैज्ञानिक डा0 वरूण कुमार ने कम लागत में अधिक उत्पादन वाली प्राकृतिक खेती की जानकारी दिया। अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी डा0 छोटेलाल तिवारी तथा संचालन एडीओ एजी दयानन्द सिंह व अनुपम सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, एसएमएस रामशंकर सिंह, अनिल कुमार शर्मा, मनीष शर्मा, अशोक यादव, अनिल पांडेय, आनंद सिंह, उषा, सर्मिला, रेखा, आशा देवी आदि किसान मौजूद रहे।

## भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के शैक्षणिक केंद्र में स्थित पुस्तकालय का किया भ्रमण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय दर्शन दिवस के अवसर पर नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर लखनऊ के दर्शनशास्त्र विभाग की 45 छात्रों ने विभागाध्यक्ष मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी तथा सुश्री तूलिका गुप्ता के साथ विपुल खंड, गोमती नगर में स्थित भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के शैक्षणिक केंद्र में स्थित पुस्तकालय का भ्रमण किया ᵖ जहां पर एशिया में दर्शन की सर्वोत्तम पुस्तकों का संकलन उपलब्ध है ᵖ यहां लगभग 40000 किताबें तथा लगभग 5000 शोध पत्रिकाएं उपलब्ध ा है। छात्राओं ने पुस्तकों और शोध ा पत्रिकाओं के अध्ययन से लाभ प्राप्त किया तथा दर्शन के क्षेत्र में विभिन्न विषयों पर हो रहे शोधों की जानकारी प्राप्त की। शैक्षणिक केंद्र के प्रभारी श्री हमेंद्र भरद्वाज एवं डॉ जय शंकर सिंह ने छात्राओं का सहयोग किया। मेजर डॉ सोढी के अनुसार वर्ष 2005 में यूनेस्को सम्मेलन में यह निश्चय हुआ कि प्रत्येक वर्ष विश्व दर्शन दिवस नवंबर महीने के तीसरे गुरूवार को मनाया जायेगा। विश्व दर्शन दिवस उन दार्शनिकों के सम्मान में मनाया जाता है जिन्होंने सम्पूर्ण विश्व को स्वतंत्र विचारों के लिए स्थान उपलब्ध कराया। इस दिवस का उद्देश्य दार्शनिक विरासत को




साझा करने के लिए विश्व के सभी लोगों को प्रोत्साहित करना तथा बुद्धिजीवियों एवं सभ्य समाज को सामाजिक चुनौतियों से लड़ने के लिए विचार विमर्श को प्रेरित करना है। छात्राओं ने गोमती नगर में स्थित एसिड अटैक सरवाइवर्स के द्वारा चलाए जा रहे सिरोज रेस्टोरेंट में भी जाकर उनसे मुलाकात की तथा यह जाना कि विपरीत परिस्थितियों तथा कई परेशानियों के बाद भी दृढ़ संकल्प के द्वारा निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास का नाम ही जीवन है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जीवन की व्यवहारिक शिक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया।

## श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को जीवन जीने और मरने की कला सिखाती है– आशीष कृष्ण शास्त्री

सुजानगंज, जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पंचायत फरीदाबाद में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री ने शुक्रवार को श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन बताया कि श्रीमद् भागवत सुनने का लाभ भी कई जन्मों के पुण्य से प्राप्त होता है। श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को जीवन जीने और मरने की कला सिखाती है। मनुष्य को जीवन परमात्मा ने दिया है, लेकिन जीवन जीने की कला हमें सत्संग से प्राप्त होती है। सत्संग का मनुष्य के जीवन में बड़ा महत्व है। वहीं पर आशीष कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वाचन करते हुए शास्त्री जी ने कहा कि भगवान सदैव भक्तों के वश में है। भगवान हमेशा अपने भक्तों का ध्यान रखते हैं। जब–जब धरती पर पाप बढ़ता है, तब–तब भगवान श्रीहरि धरा पर किसी न किसी रूप में अवतार लेकर भक्तों के संकट को हरते हैं। जब कंस के पापों का घड़ा भर गया तब भगवान श्री कृष्ण ने बृज में जन्म लेकर कंस का अंत कर



पापी राजा से भक्तों को मुक्ति दिलाई। इस अवसर पर नंद बाबा एवं श्री कृष्ण की सुंदर झांकी सजाई गई। । सभी भक्तों ने नन्हे बालकृष्ण का पूजन किया इससे पूर्व व्यास पीठ का पूजन मुख्य यजमान श्री रामचंद्र तिवारी ने किया वहीं पर मोहित पाण्डेय के मधुर भजनों को सुन उपस्थित श्रोता हुये प्रसन्न. इस अवसर पर जौनपुर के सुप्रसिद्ध गायक सुधीर कुमार तिवारी,सुभाष चंद्र तिवारी, कृपा शंकर तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## महान स्वाधीनता संग्राम सेनानी लाला लाजपत राय जी की मनायी गयी पुण्य तिथि

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महान स्वाधीनता संग्राम सेनानी स्व0 श्री लाला लाजपत राय जी की पुण्य तिथि मनायी गयी और उनके बलिदान को कांग्रेसजनों ने याद किया। इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व मंत्री एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा कि आज के वर्तमान को देखते हुए हैं हम लाला लाजपत राय के योगदान को भुला नहीं सकते। वर्तमान में हम सभी कांग्रेसजनों के जिम्मेदारी है कि हम उनके दिए गए हर विचार और समरसता की बात को लोगों में फैलाएं और समाज से वैमनस्य और हर बुराई को दूर करने का प्रयास करें। अपने हक को गांधीवादी तरीके से प्राप्त करने के लिए लगातार संघर्ष करते रहें। श्रद्धांजलि देते हुए उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के महासचिव(प्रभारी प्रशासन) श्री दिनेश सिंह ने कहा कि आज वर्तमान की सरकार जिस तरह देश में भारत की अखंडता और भाईचारे को तोड़ने का प्रयास कर रही है, ऐसे समय में लाला लाजपत राय के विचारों को लोगों के बीच में संप्रेषित करने का हर कांग्रेसजन का उद्देश्य होना चाहिए। साइमन कमीशन के विरोध में जब अंग्रेजों के लाठीचार्ज के दौरान घायल



लाला लाजपत राय ने कहा था कि मेरे बदन पर पड़े हुए चोट के हर निशान अंग्रेजों के ताबूत में कील का काम करेंगे, ठीक उसी तरह आज हमें भी वर्तमान सरकार के द्वारा लोगों के बीच में मानसिक दासता को फैलाए जाने के विरोध में हर व्यक्ति को जागरूक करने की कोशिश करनी पड़ेगी तभी देश सही मायनों में आगे बढ़ेगा और विकास करेगा, तभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आजाद और विकसित भारत का सपना सच होगा। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर यह शपथ लें कि लाला लाजपत राय के विचारों को आज अपने कार्यों और विचारों में शामिल करेंगे। श्रद्धांजलि सभा में प्रान्तीय अध्यक्ष के अलावा शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ दक्षिणी दिलप्रीत सिंह, राजेश सिंह काली, आशुतोष मिश्रा, श्री संजय सिंह, मोहम्मद नूर, आलोक सिंह, रंजीत कुमार, विशाल सिंह राजपूत, श्री सोमेश चौहान, डॉ0 सुधा मिश्रा, डॉ0 रिचा कौशिक आदि कांग्रेसजन मौजूद थे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट का सामूहिक विवाह समारोह 04 दिसम्बर को

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा आगामी 4 दिसम्बर रविवार को घंटाघर प्रांगण में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह के लिए अब तक 47 आवेदन पत्र प्राप्त हो चुके है, अब आगामी 20 दिसम्बर को आवेदन पत्रों की जांच तथा उनके अभिलेखों का उनके द्वारा परीक्षण करने के उपरांत वर वधुओं को टोकन जारी किए जाएंगे।कि उन्हें विवाह के लिए किस वेदी पर बैठना है। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के सचिव अतुल कांत द्विवेदी ने बताया कि अब तक 40 आवेदन पत्र हिन्दू रीति से विवाह के लिए तथा 7 आवेदन पत्र मुस्लिम रीति से निकाह के लिए प्राप्त हुए है। अब केवल विशेष परिस्थितियों में ट्रस्ट मण्डल की विशेष स्वीकृति पर ही नया आवेदन स्वीकार किया जाएगा।हिनू रीति के विवाह व गायत्री विधि से अतुल कपूर और उनकी टीम द्वारा कराये जाएंगे तथा मुस्लिम रीत के निकाह शहर काजी द्वारा निकाह पढ़ाया जाएगा।20 नवम्बर रविवार को आवेदन पत्र देने वाले वर वधुओं को गांधी भवन में अपने अभिलेखों के परीक्षण तथा ट्रस्ट खर्चे पर बनने वाले शपथ पत्र के लिए आमंत्रित किया गया है।

## एस के डी अकादमी की स्निग्धा ने बैडमिंटन सिंगल्स में हासिल किया रजत पदक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस के डी अकादमी के विद्यार्थियों द्वारा मिनी ओलिंपियाड सहोदय द्वारा आयोजित की गई विभिन्न



प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया गया जिसमें बच्चों ने भिन्न भिन्न खेलों में भाग लेकर रजत व कांस्य पदक सेमी फाइनल तक की प्रतियोगिता में हासिल किया वहीं एस के डी अकादमी की गोमती नगर शाखा की कक्षा नौ की छात्रा स्निग्धा ने बैडमिंटन सिंगल्स की प्रतियोगिता में फाइनल में पहुंचकर रजत पदक जीता। सभी विजयी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए विद्यालय के निदेशक श्री मनीष सिंह जी ने खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन पर शुभकामनाएं दीं व स्निग्धा को सम्मानित करते हुए आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

## विनियमित क्षेत्र प्राधिकारी ने की बड़ी कार्यवाही

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : विनियमित क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराए बन रहे 3 भवनों को विनियमित क्षेत्र प्राधिकारी एसडीएम सदर स्वाति शुक्ला ने सील कर नोटिस जारी किया गया है। इस कार्यवाही से शहर के आसपास धड़ल्ले से हो रही प्लाटिंग कर रहे ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है। नियमानुसार विनियमित क्षेत्र में बिना नक्शा स्वीकृत कराए भवनों का निर्माण नहीं कराया जा सकता है । एसडीएम सदर व विनियमित प्राधिकारी स्वाति शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहजहांपुर रोड पर बिना नक्शा पास कराए तीन भवन मालिक निर्माण कार्य करा रहे थे जिसे रोक दिया गया है, तथा तीन भवन सील कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि दो भवनों के मालिकों ने नक्शा स्वीकृत के लिए आवेदन किया था मगर स्वीकृति मिले बिना ही निर्माण कार्य करा रहे थे। जबकि एक अन्य भवन स्वामी के द्वारा नक्शा पास कराने के लिए आवेदन तक नहीं किया गया था इन्हें सील करके निर्माण कार्य रोक दिया गया है। तथा इन भवन मालिकों को नोटिस जारी की गई है। एसडीएम सदर श्रीमती शुक्ला की कार्यवाही से शहर के आसपास क्षेत्र में भूखंडों की बिक्री धड़ल्ले से कर रहे ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है। इस मौके पर उनके साथ क्षेत्राधिकारी नगर विनोद कुमार द्विवेदी तथा पुलिस बल मौजूद रहा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त को थाना महराजगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के आपराधिक कार्य की रोकथाम, गिरफ्तारी, बरामदगी तथा अनावरण हेतु शेष अभियोगो के अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी बदलापुर के कुशल पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय थाना महराजगंज जनपद जौनपुर के नेतृत्व में उ0नि0 प्रद्युम्नमणि त्रिपाठी मय हमराह के चोरी की गयी मोटरसाइकिल नं0 न्च 62 ठल 1115 हीरो एचएफ डिलक्स कलर काला बैंगनी के साथ एक अभियुक्त कप्तान गौतम पुत्र स्व0 ननकू नि0 मीरापुर शिरोमणि थाना महराजगंज जनपद जौनपुर को थाना क्षेत्र के राजाबाजार प्रतापगढ बार्डर पुलिया के पास से दिनांक 16.11.2022 समय 17.05 बजे गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 185/2022 धारा 41 सीआरपीसी व 411 भा0द0वि0 पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही उपरान्त जेल भेजे की कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त 1. कप्तान गौतम पुत्र स्व0 ननकू नि0 मीरापुर



शिरोमणि थाना महराजगंज जनपद जौनपुर बरामदगी एक मोटरसाइकिल नं0 UP 62 BY 1115 हीरो एचएफ डिलक्स कलर काला बैंगनी गिरफ्तारी टीम – 1.उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय दृ थानाध्यक्ष थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 2.उ0नि0 श्री प्रद्युम्न मणि त्रिपाठी – थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 3.हे0का0 सत्येन्द्र कुमार– थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 4.का0 सत्येन्द्र कुमार दृ थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 5.का0 पवन कुमार – थाना महराजगंज जनपद जौनपुर।

## थाना चन्दवक पुलिस द्वारा चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर डा0 संजय कुमार के कुशल दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री गौरव शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 17.11.2022 को प्रभारी निरीक्षक चन्दवक श्री विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा वाहन चेंकिंग के दौरान चोरी की एक मोटरसाइकिल व अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की दूसरी मो0साइकिल बरामद की गयी है गिरफ्तारी बरामादगी के दौरान अभियुक्त प्रमोद खरवार पुत्र सुदर्शन खरवार नि0 बीरीबारी थाना चन्दवक जौनपुर को रेलवे क्रासिंग बीरीबारी से समय करीब 11.40 बजे गिरफ्तार किया गया व दूसरा अभियुक्त वीरु यादव पुत्र स्व0 रामकिशुन यादव ग्राम नरकटाफोक थाना चन्दवक जनपद जौनपुर मौके से फरार होने में सफल रहा। उक्त के संबंध में मु0अ0सं0 203/22 धारा 41/411/467/468/471/420 भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. प्रमोद खरवार पुत्र सुदर्शन खरवार नि0 बीरीबारी थाना चन्दवक जौनपुर उम्र करीब 35 वर्ष बरामदगी– 1.दो मोटरसाइकिल– (1. हीरो होण्डा एचएफ डिलक्स 2. हीरो होन्डा सीडी डान ) आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 14/21 धारा 147/ 186/188/ 269/504/506 भादवि व 15(3) उ0प्र0 महामारी कोविड–19



विनियमावली थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 243/18 धारा 323/325/504/506 भादवि व 3(1)ध/3(1)द एससीएसटी एक्ट थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 3.मु0अ0सं0 636/17 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट एक्ट थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 4.मु0अ0सं0 594/12 धारा 41/109 सीआरपीसी थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर। 5.मु0अ0सं0 313/13 धारा 392 भादवि थाना सुहबल जनपद गाजीपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम दृ1–प्रभारी निरीक्षक श्री विजय शंकर सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर । 2–उ0नि0 राजकेश्वर सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 3–हे0का0 मो0 आलम थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 4–हे0का0 रणजीत सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 5–का0 नीरज कुमार थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 6–का0 अजय यादव थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 7–का0 सूरज कुमार थाना चन्दवक जनपद जौनपुर।

## मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों के खाते में आयी धनराशि से अविलम्ब कराएं काम शुरू – बीडीओ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खण्ड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को पंचायत सचिवों को सचेष्ट किया कि गत 14 नवम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आवास के 64 लाभार्थियों के खाते में आयी पचास हजार रुपये की धनराशि प्रति आवास का अविलम्ब ले आउट तैयार कर आवास निर्माण कार्य शुरू कराएं ! नींव स्तर तक कार्य की जीवो टैगिंग एक सप्ताह के भीतर कराएं ताकि लाभार्थी के खाते में सत्तर हजार रुपये की दूसरी किश्त भेजी जा सके! उन्होंने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत तथा दिव्यांगों के आवास के निर्माण कराए जाने की सूची सचिवों से तत्काल बना कर कार्यालय में उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया ! ताकि उनका भी आवास समय रहते बन कर तैयार हो सके! मौके पर सहायक विकास अधिकारी रणजीत सिंह, विनय यादव, संजय तिवारी, दुर्गेश तिवारी, निशा यादव, पूजा सोनी, अनूप सिंह, राजकुमार मौर्य, श्रीपति मौर्य, अरुण सिंह आदि लोग मौजूद थे!

## गुरुवार को डायट प्राचार्य व वरिष्ठ प्रवक्ता नें किया प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर का निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गुरुवार को डायट प्राचार्य डॉ सच्चिदानंद यादव व वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ रविन्द्र यादव द्वारा प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर का निरीक्षण किया गया उनके साथ बीइओ सिकरारा आनंद प्रकाश सिंह भी उपस्थित रहे। प्राचार्य श्री यादव ने सभी कक्षाओ में जाकर बच्चों के अधिगम स्तर की जानकारी ली। बच्चों द्वारा अपने विषय के साथ साथ पहाड़ा गिनती जिलों के नाम राज्य राजधानियों के नाम बेबाकी से बताये जाने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की तथा उन्होंने जल्द ही निपुण स्कूल बनाये जाने के लिए शिक्षकों को संकल्पित कराया। इसके बाद उन्होंने विद्यालय में स्थापित डिस्कवरी लैब का निरीक्षण किया। डिस्कवरी लैब में विद्यालय के शिक्षक दिनेश यादव द्वारा 20 बच्चों को उपकरणों के बारे में जानकारी देते हुए पाया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से कंकाल तंत्र, सूक्ष्मदर्शी, टेलेस्कोप, कंप्यूटर, दिन रात होना ग्लोब में विभिन्न देशों की स्थिति ज्वालामुखी, सौर मंडल व अन्य उपकरणों के बारे में जानकारी



ली, जिसको बच्चों द्वारा बहुत अच्छे तरीके से बताया गया। प्राचार्य ने प्रधानाध्यापक अमित सिंह व विद्यालय के शिक्षकों की जमकर तारीफ करते हुए आगामी 30 नवंबर को नैट परीक्षा के लिए बच्चों की अच्छी तैयारी के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर बीइओ आनंद सिंह विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह व विद्यालय के शिक्षक दिनेश यादव श्यामधर यादव मंजू जैसवार नेहा जायसवाल आराधना उपाध्याय गजाला बानो मनोज जायसवाल माधुरी सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## इग्नू अध्ययन केंद्र पर परिचय समारोह का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का परिचय एवं स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता इग्नू के समन्वयक एवं व्यवसायिक अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. आशुतोष




कुमार सिंह ने किया । उन्होंने अध्ययन केंद्र पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इग्नू के विभिन्न रोजगार पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया ।उन्होंने सत्रीय कार्य, परामर्श कक्षाएं पठन सामग्री एवं सत्रांत परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित करते हुए इग्नू की शिक्षा प्रणाली पर प्रकाश डाला । अन्य वक्ताओं में डॉ. इंद्रेश ने '' दूरस्थ शिक्षा आपके द्वार '' इस विषय पर अपने अनुभवों से विद्यार्थियों को अवगत कराया ।श्री चंद्र प्रकाश अग्रवाल ने इग्नू में संचालित तमाम रोजगार परक पाठ्यक्रमों की उपयोगिता पर अपना विचार वक्त किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में दूरस्थ शिक्षा किस प्रकार समाज की मदद कर सकता है पर भी प्रकाश डाला। श्री राकेश उपाध्याय ने इग्नू के ज्ञान एवं पाठ्यक्रम को उत्कृष्ट बताते हुए आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया । इसके साथ ही इग्नू द्वारा प्रदान की जाने वाली तमाम ऑनलाइन सेवाओं एवं उनकी उपयोगिता का उल्लेख भी किया स इस कार्यक्रम में नेहा

## डेंगू का कहर : एक की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर क्षेत्र मे फैले डेंगू के डंक ने युवक की जान ले ली ।युवक एक हफ्ते से बुखार से पीड़ित चल रहे थे। नगर क्षेत्र के प्रतापगढ़ रोड स्थित रोडवेज बस स्टैंड के बगल के निवासी मुहम्मद इमरान (32) पुत्र आरिफ छिवलहा को पिछले एक हफ्ते से हल्का हल्का बुखार आ रहा था ।कल गुरुवार की सुबह अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई ।उन्हे स्थानीय एक प्राइवेट हास्पिटल मे ले जाया गया ।चेक अप के बाद डेंगू की पुष्टि डाक्टरों ने की ।उनका प्लेटलेट भी लगातार गिरने लगा ।परिजनों द्वारा फौरन प्रयागराज के एक नर्सिंग होम मे उन्हे भर्ती कराया गया लेकिन कोई सुधार नही हुआ ।इमरान को प्राईवेट विमान से दिल्ली ले जाने की तैयारी चल रही थी लेकिन शुक्रवार की अलसुबह 4 बजे उनकी मौत हो गई ।गौरतलब है कि नगर क्षेत्र मे पिछले एक पखवारे से डेंगू के डंक ने अपना पांव पसारना शुरू कर दिया है ।साहबगंज मुहल्ले मे एक दर्जन से अधिक लोग डेंगू से पीड़ित चल रहे है ।इसके अलावा नगर के हर मुहल्ले मे डेंगू का कहर जारी है।

## वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर शोक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के कुरनी (शुक्लान) गाँव के मूल निवासी तथा दीवानी कचहरी के वरिष्ठ अधिवक्ता भगवान प्रसाद शुक्ल(65) का शुक्रवार को भोर में इलाज के लिए लखनऊ जाते समय निधन हो गया। वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। निधन की खबर सुनकर बड़ी संख्या में लोग उनके पैतृक गाँव पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर पुत्र दीपक शुक्ल ने मुखाग्नि दिया ।प्रमुख रूप से कांग्रेस नेता डॉ राकेश मिश्रा मंगला,पूर्व प्राचार्य डॉ समर बहादुर सिंह,अधिवक्ता जगदीश नारायण सिंह,भाजपा नेता राजन सिंह आदि शव यात्रा में शामिल हुए।

## कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लखनऊ से जौनपुर सड़क मार्ग से आ रहे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह का शुक्रवार



को भाजपाइयों ने जिले की सीमा व बदलापुर विधानसभा में प्रवेश करते ही रोक कर माला पहनाकर व ढोल ताशे के साथ जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ाते हुए निकाय चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। बछुआर गांव स्थित बार्डर पर यूपी सरकार के आयुष राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र दयालु,भाजपा के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसु ,भाजपा नेता विनय सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रभाकर उपाध्याय, सुनील तिवारी, बदलापुर विधायक प्रतिनिधि गंगा सिंह , विनोद तिवारी, राकेश तिवारी, धनंजय सिंह पिंटू सिंह, उन्नत सिंह,वैभव सिंह आदि लोग स्वागत करने के लिए शामिल रहे। एसडीएम बदलापुर डॉ प्रदीप कुमार , थाना अध्यक्ष कमलेश कनौजिया मय फोर्स उपस्थित रहे। उसके प्रदेश अध्यक्ष सड़क मार्ग से जौनपुर के सीहीपुर स्थित पार्टी कार्यालय पर पदाधिकारियों के साथ करेंगे बैठक करने के लिए रवाना हो गए।

## दुष्कर्म का आरोपित तथा एक वारंटी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों से पुलिस ने सटीक मुखबिरी के बल पर दुष्कर्म के आरोपित तथा दूसरा हाजिर न्यायालय न हो रहे वारंटी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के बाद चलान न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर किशोर कुमार चौबे ने बताया कि तिघरा गांव निवासी अबुजर उर्फ अबूसहमा पर आरोप था कि उसने घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देकर एक गांव निवासी महिला के साथ दुष्कर्म किया था। घटना लगभग छह माह पूर्व की है। पीड़िता के आरोपों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। घटना के बाद से ही आरोपित फरार चल रहा था। जिसकी सुरागशी को लेकर मुखबिर लगाया गया था। गुरुवार को उसकी सूचना पर दबिश देकर आरोपित को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया गया। इसी तरह मुबारकपुर गांव निवासी मुन्ना पुत्र सोमारू मारपीट के मामले में हाजिर न्यायालय न होने पर उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया।

### परीक्षण के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों में वितरित की निःशुल्क दवाएं

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत मेडिकल टीम ने शुक्रवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय श्रीकृष्ण नगर में 145 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया! जिसमें कक्षा आठ की छात्रा अंतिमा कक्षा छ की छात्रा मीनाक्षी में एनीमिया तथा विटामिन ए की कमी पायी गयी! कक्षा आठ की शिवांगी का कान बहता हुआ पाया गया जबकि कक्षा आठ के छात्र शुभम् के दांत में खराबी पायी गयी! मेडिकल टीम ने छात्र छात्राओं की लम्बाई व वजन की भी मांप किया! रोग से ग्रसित छात्रों को बेहतर उपचार कराने के लिए सीएचसी भेजा गया! जब कि अन्य बच्चों में कृमि नाशक आदि दवाओं का वितरण किया गया! स्वास्थ्य टीम में डा0 मनीष वर्मा, डा0 पूजा त्रिपाठी, डा0 श्वेता विक्रम, नेत्र परीक्षण अधिकारी प्रमोद मिश्र ,सुशील यादव , ए एन एम गीता शर्मा, रिंकी सचान आदि लोग मौजूद थे!

## ग्राम प्रधान ने रंगदारी मांगने का लगाया आरोप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकासखंड के कुंभापुर ग्राम सभा के प्रधान ने गांव के ही कुछ लोगों पर गुंडा टैक्स मांगने का आरोप लगाया है मामले को लेकर ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जौनपुर को प्रार्थना पत्र दिया है, जानकारी के अनुसार कुंभापुर गांव में विगत कई माह से खड़जा निर्माण को लेकर ग्रामीणों व प्रधान में विवाद चल रहा है ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान चक मार्ग से ज्यादा जगह लेकर किसानों की निजी जमीन पर जबरन निर्माण करा रहे हैं जिसको लेकर गांव के लोगों ने उपजिलाधिकारी मडियाहूं को प्रार्थना पत्र भी दिया है इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान पति सुभाष प्रजापति ने कहा कि गाँव के लोग विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न कर रहे व छोटी जाती का होने के कारण हमेशा उत्पीड़न करते हैं इस संबंध में थानाध्यक्ष रामपुर दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर उचित कार्यवाई की जाएगी।

## मुंबई लग रहा था आज चौकिया धाम – विपुल रॉय

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : वी प्रांजल फिल्म क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले आज शीतला चौकिया धाम में भोजपुरी फिल्म दिशा एक प्रेम कथा की शूटिंग सुबह से दोपहर तक चल रही थी फिल्म के प्रड्यूसर ने कहा आज चौकिया धाम मानो मुंबई की फिल्म सिटी हो गई है इतना सुन वहां के दुकानदारों ने खूब तालियां बजाई और फिल्म के सभी यूनिट का स्वागत किया इस फिल्म में कलर्स चौनल पर आ रहे धारावाहिक नमक इश्क का आदित्य ओझा स्वीटी राव पूजा तिवारी और कॉमेडी किंग 200 फिल्मों से ज्यादा काम कर चुके रोहित सिंह मटरू जितेंद्र झा पर फिल्माए जा रहे मेले का सीन देखने के लिए घर घर से लोग निकलकर शूटिंग देख रहे थे प्रोड्यूसर विपुलराय ने कहा शीतला माता हमारी कुलदेवी हैं यहां से मेरी शुरुआत हुई है और मैं इनको कैसे भूल सकता हूं और काफी लोगों ने मदद कर रहे थे सारे सीन को मुंबई से आए



कैमरामैन जितेंद्र विर्क और बड़े ही बारिकी से प्रोडक्शन को देख रहे थे सुशील यादव तोषू सिंह वंदे मातरम पांडे और इस फिल्म के डायरेक्टर हैं रजनीश चौधरी आदि रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने जौनपुर में की निकाय चुनाव को लेकर बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने निकाय चुनाव को लेकर जौनपुर में सीहीपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक की। कार्यक्रम का सुभारम्भ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की। इसके पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का हरिहरपुर बदलापुर में जौनपुर में उनके प्रथम आगमन पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अगुवाई में भव्य स्वागत किया गया उसके उपरांत उनका काफिला जौनपुर के लिये निकला फिर कुल्हनामउ में उनका भव्य स्वागत हुआ उसके उपरांत जिला कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष का काफिला पहुँचा जहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि इस बार के निकाय चुनाव में पहली बार पार्टी प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत में उम्मीदवार उतारेगी। मेयर व चेयरमैन की हर सीट पर कमल का फूल चुनाव चिह्न होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं की कई दशक की मेहनत के बाद पार्टी का यह स्वर्णिम काल आया है। पांच–छह पीढ़ियों ने पार्टी को यहां तक लाने में प्रयास किया है। पहले लोग कहते थे कि भाजपा तो कुछ लोगों की पार्टी है, फिर वह क्षेत्र की पार्टी बताने लगे। अब वे लोग कहते हैं कि यह मुस्लिम विरोध पार्टी है, लेकिन भाजपा सबकी पार्टी है। प्रधानमंत्री मोदी से लेकर मुख्यमंत्री योगी तक का मकसद केवल सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास ही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि परमाणु शक्ति की ताकत, कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति व अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण दशकों से पार्टी के एजेंडे में शामिल था और मौका मिलते ही इसे पूरा किया है। अटल विहारी बाजपेयी ने परमाणु शक्ति की ताकत दी और मोदी ने धारा 370 खत्म की। अब राम मंदिर का निर्माण भी चल रहा है। आगे भी पार्टी ने जो कहा है, उस संकल्प को पूरा किया जाएगा। समान आचार संहिता पर भी काम चल रहा है। बिजली, पानी व सड़क से विकास किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनावों में हारी हुई 14 सीटों पर पार्टी विशेष तैयारी कर रही है। 2024 के चुनाव में भी भाजपा की जीत होगी ।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सपा पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा में परिवार के अलावा कुछ नहीं है। हर पद पर बेटा, बहू, अन्य परिजन मिल जाएंगे। जबकि भाजपा में एक आम कार्यकर्ता को




भी उच्च पद पर बैठने को अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लोग बीजेपी को हराने के लिए तरह–तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। पिछले चार चुनावों में जनता ने भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया है। भारतीय जनता पार्टी और उसके कार्यकर्ता जनता के बीच सक्रिय हैं। जनता से जुड़े सामाजिक कार्य करते हैं। लेकिन समाजवादी पार्टी का कोई नेता ऐसे सामाजिक कार्यक्रम नहीं करता। हम समाज के बीच में शक्रिय है। निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं की सक्रियता और मेहनत के बल पर चुनाव लड़ेगी। समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चुनाव लड़ेंगे। चुनाव की दृष्टि से जिस आधार पर हमें सफलता मिलेगी उस पर हम आगे बढ़ेंगे। इसके पहले जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने स्वागत करते हुये उन्होंने अंगवस्त्र देकर प्रदेश अध्यक्ष जी का एव स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु जी स्वागत किये और स्वागत भाषण दिये और जिलाध्यक्ष मछलीशहर रामविलास पाल ने धन्यवाद भाषण दिए। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुनील तिवारी ने की उक्त अवसर पर पूर्व प्रदेश महामंत्री विद्यासागर सोनकर, जिला प्रभारी पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी, एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु, विधायक रमेश सिंह, जिला प्रभारी मछलीशहर के के सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री संतोष पटेल, पूर्व विधायक हरेंद्र सिंह, बाकेलाल सोनकर, सुरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह, अशोक श्रीवास्तव, सुशील उपाध्याय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव बच्चा भैया, सूबेदार सिंह, श्याम बाबू यादव, जिला महामंत्री गण अमित श्रीवास्तव, पीयूष गुप्ता, मनोज दुबे, अजय सिंह, राजेन्द्र श्रीवास्तव, मेहीलाल गौतम, जिला उपाध्यक्ष गण सुधाकर उपाध्याय, संतोष सिंह, संदीप सरोज, जिला मंत्री राजू दादा अभय राय, विजय लक्ष्मी साहू, राज पटेल जिला कोषाध्यक्ष संतोष मिश्रा, विपिन द्विवेदी, ओमप्रकाश सिंह, सतीश सिंह, धनन्जय सिंह, पाणिनि सिंह, अनिल गुप्ता, आमोद सिंह, विनीत शुक्ला, रोहन सिंह, सिद्दार्थ राय, जितेंद्र सिंह, बेचन सिंह, नरेन्द्र उपाध्याय, रागिनी सिंह, दिव्यांशु सिंह, अजय सरोज, मण्डल अध्यक्ष गण एवं मण्डल प्रभारी गण उपस्थित रहे।

## जाम के मकड़जाल में फंसा अयोध्या शहर : शहरवासी परेशान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वर्तमान समय में नगर में जगह जगह जाम लगना आम बात हो गई है।अगर देखा जाय तो इस गंभीर समस्या के लिये तीन विभाग जिसमें विकास प्राधिकरण, अयोध्या नगर निगम व पुलिस प्रशासन प्रमुख रूप से जिम्मेदार है। अगर देखा जाय तो पिछले कुछ महीनों से इन विभागों ने इन अतिक्रमणकारियों पर संयुक्त रुप से शिंकजा नहीं कसा।जिसके चलते इस समय यह गंभीर समस्या बना हुआ है।वही मजे की बात तो यह है।यातायात माह दिवस होने के बावजूद शहर में प्रमुख चौराहा इस समय जाम कराह रहा है। जिसके चलते इधर से गुजरने वाले मरीज, छात्र छात्राएं व राहगीर इस जाम में काफी परेशान होते दिखाई देते है।अगर देखा जाय तो यह जाम केवल दो पहिया व चार पहिया वाहनों के चलते नहीं लग रहा है।बल्कि इसके अलावा शहर के प्रमुख चौराहो व अन्य स्थानों पर स्थित प्रमुख नामी–गिरामी प्राइवेट चिकित्सालय, होटल,शॉपिंग कांपलेक्स, मॉल रेस्टोरेंट्स भी शामिल हैं जिसके स्वामी विकास प्राधिकरण,नगर निगम के मानक के अनुसार निर्माण नहीं कराये है।अगर देखा जाए तो यदि कोई स्वामी कांप्लेक्स,निजी चिकित्सालय,होटल,रेस्टोरेंट आदि का निर्माण कराता है तो सबसे पहले वाहन पार्किंग की भी जगह होनी चाहिए।जिसका वहां पर अभाव है। जिसके चलते वहां पर आने वाले मरीज व उनके तीमारदारों के अलावा अन्य कांप्लेक्स के साथ साथ अन्य प्रमुख दुकानों, होटलों, रेस्टोरेंटों पर आने वाले



लोगों के वाहन वहां के संबंधित सड़कों पर खड़े कर देते हैं।जिसके चलते वहां पर घंटों लंबा जाम लगा रहता है।अगर देखा जाये तो शहर के शांति चौक, रायबरेली रोड, नवीन मंडी, गुप्ता होटल, रिकाबगंज चौराहा,फतेहगंज चौराहा, मकबरा,नाका बाईपास, देवकाली बाईपास, देवकाली तिराहा बेनीगंज गुदरी बाजार,सुभाष नगर,रोडवेज सहित अन्य प्रमुख कई ऐसे स्थान व चौराहे हैं।जहां पर जाम लगना एक आम समस्या बन गई है।इस जाम से निजात दिलाने के लिए पिछले कुछ माह से यातायात विभाग,विकास प्राधिकरण विभाग व अयोध्या नगर निगम विभाग द्वारा इन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कोई संयुक्त अभियान नहीं चलाया गया।जिसके चलते शहर में यह गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।जिसके चलते जाम में फंसे लोगों का गुस्सा विकास प्राधिकरण, अयोध्या नगर निगम व पुलिस प्रशासन के प्रति साफ–साफ दिखाई पड़ रहा है।

## रोडवेज बस की गलत टाइमिंग से पैसेंजरों में आक्रोश : परिचालक पर फोन न उठाने का आरोप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) लखनऊ जाने वाली रोडवेज बस की टाइमिंग को लेकर पैसेंजरों में असहज स्थिति खड़ी हो गई है। जिसके चलते बस में यात्रा करने वाले सवारियों ने परिवहन व्यवस्था व परिचालक के व्यवहार को लेकर असंतोष व्यक्त किया है। वही लोगों का आरोप है कि अयोध्या वाया हैरिंग्टनगंज से लखनऊ जाने वाली परिवहन निगम की बस आने और जाने का कोई टाइम ही नहीं रहता है। लोगों का आरोप है कि परिचालक का फोन भी नहीं उठता है। जिससे लोग बस की स्थिति पता लगा सकें।बताया गया कि इसी चक्कर में मेडिकल कॉलेज में इलाज कराने वाले मरीज समय से नहीं पहुंच पा रहे हैं तो कई लोगों की ट्रेन छूट जाती है। गांव से होकर जाने वाली इस बस से लोग लखनऊ हाईकोर्ट में मुकदमें की पेशी के लिए जाते हैं, लेकिन इधर कुछ महीनों से बस की टाइमिंग गड़बड़ होने से लोगों दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके पहले आलम यह था कि बस में इतनी सवारियां बैठ जाती थी कि हैरिंग्टनगंज के बाद लोग खड़े होकर यात्रा करने पर मजबूर होते थे लेकिन अब टाइमिंग गड़बड़ होने की वजह से करीब 6 महीने से यह बस पूरी तरह से खाली चल रही है।इस बस से परमानेंट लखनऊ की यात्रा करने वाले पाराताजपुर निवासी लवलेश मिश्रा ने बताया कि हैरिंग्टनगंज पहुंचने का निधारित समय सुबह 8:30 है। लेकिन किसी दिन 9:00 बजे 9:30,10 से 10:30 तक आती है।राजकुमार ने बताया कि सबसे ज्यादा दिक्कत है कि परिचालक फोन नहीं उठाता है जिसकी वजह से बस की लोकेशन नहीं पता चल पाती है। लखनऊ की संदीप तिवारी हैप्पी, राजकुमार साहू, अमित राज यादव का कहना है कि अगर इसकी समय सारणी में सुधार हो जाय तो क्षेत्रवासियों को लखनऊ पहुंचने में आसानी हो जाएगा।

## जर्जर मार्ग से परेशान राहगीर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या नगर निगम के साकेत नगर वार्ड में सड़क की दशा काफी दयनीय है। यहां पर बने मार्ग से यह अंदाजा नहीं लगाया जा सकता कि वास्तव में यहां गड्डे के बीच सड़क है या फिर सड़क के बीच गड्ढा। जिसके चलते इधर से



गुजरने वाले सभी अधिक परेशानी कृष्णा नगर व शाहजहांपुर के निवासियों को आने जाने में हो रही है।मजे की बात तो यह है कि इस मार्ग पर स्थित जितने भी गड्डे है उसमें हमेशा हर महीने पानी भरा रहता है।जिसके चलते इधर से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कभी कभी तो इन गड्ढों में इधर से गुजरने वाले दो पहिया वाहन व खासकर ई– रिक्शा फस जाते हैं और पलटने के चलते लोग चोटिल हो जाते हैं।इसके अलावा इन गड्ढों के चपेट में आने से मरीज, दिव्यांग व छोटे छोटे बच्चे भी गिरकर घायल हो जाते है।परन्तु इस गंभीर समस्या पर न तो कोई जनप्रतिनिधि ध्यान दें रहे हैं और ना ही अधिकारी व कर्मी।जिसके चलते पार्षद प्रत्याशी अनिल श्रीवास्तव राजू ,अभिषेक सिंह,पूजन यादव,फिरोज अहमद,सत्य प्रकाश श्रीवास्तव,मधुकर आनंद,गौरव सिंह,शंकर सिंह, इस्लाम गुड्डू राहुल श्रीवास्तव, बिन्नु श्रीवास्तव, महमूद नौशाद सहित अन्य लोगों ने आक्रोश जताया है।इन लोगो ने बताया कि अगर इस गंभीर समस्या का हल शीघ्र नहीं हुआ तो हम सभी आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## निकाय चुनाव लड़ने का सपना देख रहे आपराधिक किस्म के लोगों के मंसूबो पर फेरा पानी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) निकाय चुनाव से पहले योगी के अफसर ने चुनाव लड़ने का सपना देख रहे आपराधिक किस्म के लोगों के मंसूबो पर पानी फेर दिया। इस अफसरो ने चेतावनी दी हैं, कि आपराधिक फैमली से ताल्लुक रखने वाले या आपराधिक हिस्ट्री वालों को चुनाव नही लड़ने दिया जाएगा।इसके लिए जनता से भी सहयोग मांगा हैं। योगी का ये अफसर हैं नीरज जादौन जो बागपत में एसपी के पद पर तैनात है। दरअसल चुनाव को लेकर जनपद में शांति समिति की बैठक बुलाई गई थी। जिसमे डीएम और एसपी से लेकर जनपद के कई अधिकारी मौजूद थे। इस मीटिंग में क्षेत्र के गणमान्य लोगों को बुलाया गया था। इस दौरान एसपी नीरज जादौन ने लोगो को संबोधित करते हुए अपराधियों के चुनाव लड़ने को लेकर कड़ी चेतावनी एसपी जादौन ने कहा कि आपराधिक फैमली और आपराधिक हिस्ट्री वाले लोगों को चुनाव नही लड़ने देंगे। इसके साथ उन्होंने लोगों से अपील की है कि जनता इस तरह के प्रत्याशियों को बिल्कुल सहयोग न करें क्योकि इस तरह के लोगो को चुनाव लड़ने से ऐसे ही रोका जा सकता है।

## जिला कृषि अधिकारी के नेतृत्व मे वितरित हुआ कृषि मिनी किट

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के कुशल नेतृत्व एवं जिला कृषि अधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा निर्देशन में मिनी किट बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र मसौधा अयोध्या पर आयोजित किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता द्वारा की गई ।जिला कृषि अधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा द्वारा माननीय विधायक वेद प्रकाश गुप्ता का बुके एवं माल्यार्पण कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया ।जिला कृषि अधिकारी द्वारा विभाग के द्वारा जनपद में चलाई जा रही कृषि से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी किसानों के बीच दी गई ।बीज वितरण कार्यक्रम के अयोध्या विधानसभा के अंतर्गत चयनित कृषकों को सरसों ,मसूर एवं चने की उन्नत किस्म का बीज निशुल्क उपलब्ध करवाया गया । मुख्य अतिथि के द्वारा अपने उद्बोधन में आए हुए प्रगतिशील कृषकों को प्रदेश सरकार के द्वारा कृषि के विषय में चलाई जा रही विशेष योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा कि प्रदेश की सरकार मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में किसानों उनकी प्रगति के लिए किस प्रकार से प्रयासरत रहे और नई नई योजनाएं बनाकर किसानों को लाभान्वित किए जाने का कार्य किया जा रहा है । प्रगतिशील कृषकों को केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ शशिकांत यादव के द्वारा चना ,मसूर एव सरसों फसलों की तकनीकी विधि से खेती किए जाने की विशेष रूप से चर्चा की गई जिससे कि फसलों से अधिक उत्पादन व उत्पादकता प्राप्त की जा सके ।प्रशिक्षण के दौरान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर रामगोपाल, डॉक्टर विनय कुमार चौरसिया, डॉक्टर प्रवीण मिश्रा ने भी अपने विषय से संबंधित किसानों को व्याख्यान दिया जिससे कि किसान उन्नत व नई तकनीकी अपनाकर कृषि से ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त कर सके ।कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के कर्मचारी राजपाल यादव, रमेश चंद्रा इंचार्ज मसौधा, सुनील कुमार दुबे ,इंजीनियर रवि शंकर, शिव शंकर सिंह इत्यादि उपस्थित रहे। एसडीओ सदर अयोध्या ने आए हुए आगंतुकों का धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया।

## आशा बहुओं के माध्यम से ग्रामीणों को डेंगू से बचाव हेतु किया जा रहा जागरूक – डाक्टर ए के सिंह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बीकापुर सीएचसी प्रभारी ए के सिंह जहां एक ओर अपने कार्यालय में समय से पहुंचकर वे खुद ही वहां पर मौजूद मरीजों को देखने में जुट जाते हैं। एक खास मुलाकात में उन्होंने बताया कि इस समय क्षेत्र में डेंगू व टाइफाइड जैसी महामारी के बचाव के लिए आशा बहुओं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सहायता से गांव गांव व कस्बों में जाकर लोगों को जागरूक किया जाता हैं।वही इसके साथ ही साथ मच्छरों व लार्वा को नष्ट करने के लिए गांवों व कस्बों में फागिंग व कीटनाशक दवाओं का भी छिड़काव किया जाता है।उन्होंने अपने अधीनस्थ सभी चिकित्सा कर्मियों को सख्त दिशा निर्देश जारी किया है हैं कि वहां पर तैनात सभी चिकित्सा कर्मी अस्पताल में आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को बाहर की दवाएं ना लिखकर वही दवाई लिखे जो सीएचसी में उपलब्ध हो।वही इसके विपरीत अन्य चिकित्साकर्मी अपने कक्ष में नहीं मौजूद रहे।यह हाल वहां पर महिला चिकित्सा कक्ष, हड्डी रोग के अलावा अन्य कई कक्षों में सम्बंधित चिकित्सक नदारद दिखे।जिसके चलते वहां पर आने वाले मरीज व तीमारदार इधर उधर भटकने को मजबूर रहे।इसका खुलासा शुक्रवार को उस समय हुआ जब शुक्रवार को अपने समय पर बीकापुर सीएचसी प्रभारी डॉक्टर ए के सिंह अपने कक्ष में



मौजूद रहकर और वहां पर मौजूद रहकर मरीजों को देखते हुए पाये गये।लेकिन उनके रहने के बावजूद यहां पर तैनात अन्य चिकित्सा कर्मियों के लापरवाही का नजारा उस समय दिखा जब वहां पर सीएचसी प्रभारी के खुदद्य मौजूद रहने के बाद भी अन्य कक्ष में संबंधित डॉक्टर नहीं मौजूद रहे।जिसके चलते वहां पर अपना इलाज कराने आये मरीजों व उनके तीमारदारों का गुस्सा मौजूद न होने वाले चिकित्सकों के प्रति देखा गया।इस संबंध में जब सीएचसी बीकापुर प्रभारी डॉक्टर एक के सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस समय कुछ चिकित्सक किसी कार्य बस इधर–उधर गए हैं।बाकी यहां पर मरीजों का इलाज से सही ढंग से हो रही है।

## परमात्मा सबको बराबर देखते है – देव नारायण दास

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या के अंगूरी बाग कॉलोनी से सटे भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय संयोजक पंचायत प्रकोष्ठ वीरभानु प्रताप सिंह के निज निवास पर श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन दिन मथुरा से आए कथाकार देव नारायण दास ने राम कथा को विस्तार से वर्णन करते हुए राम कथा का महत्व विस्तार से बताया कि ईश्वर एक है और उसकी निगाह में सब बराबर है। सर्व धर्म एक समाज और सर्व धर्म एक प्राण है। आत्मा का सीधा संबंध परमात्मा से है। परमात्मा हमेशा चाहते हैं कि कोई उनके द्वारा दुखी ना हो और वह अहंकार का समन करते हैं और पापों का प्रायश्चित करने वाले सभी मनुष्यों का नर्क मैं जाने से रोक कर उद्धार करते हैं। कथा व्यास ने बताया कि भगवान से कुछ ना मांगने वाले को ईश्वर सब कुछ दे देते हैं इस पर क्या मांगू मैं सांवरिया से क्या मांगू के भक्ति रस के गीत में सराबोर भक्तों ने भक्ति कथा ज्ञान का श्रवण कर मंत्रमुग्ध हो गए। तीसरे दिन की कथा श्रवण करने वाले अयोध्या जनपद के विशिष्ट जनों में पूर्व प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल तिवारी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉक्टर बांके बिहारी मणि त्रिपाठी अधिवक्ता गण अयोध्या के संत महंत नगर वासी महिलाओं पुरुष भक्तों ने जमकर कथा की रस का पान कर अपने को कृतार्थ किया।

## संतो के दर्शन मात्र से ही पाप का नाश हो जाता है – विजय कौशल जी महाराज

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर गोंडा। स्वामी सर्वदानंद बालिका विद्यालय बेंदुली इटियाथोक में चल रही श्रीराम कथा के सातवें दिन विजय कौशल जी महाराज ने कहा कि भगवान की दृष्टि हमारे ऊपर तभी पड़ेगी जब हमारे कर्म और आचरण श्रेष्ठ होंगे।हमारी भक्ति व भजन में उत्तरोत्तर वृद्धि तभी हो सकती है जब किसी संत का मार्गदर्शन हमारे साथ हो।किसी को सुख देना ही सच्ची सेवा है।हमेशा सत्कर्मो पर ही चले।भौतिकतावादी बनकर दिखावा करने की आवश्यकता नहीं है।संतो के दर्शन मात्र से ही पाप का नाश हो जाता है।उन्होंने कहा कि आज के समय में संसार में दुख अशांति तनाव और अनिद्रा जैसी विकृतियां तेजी से बढ़ती जा रही हैं।भगवान श्रीराम का संपूर्ण जीवन ही मानव मात्र और समाज के लिए एक ऐसा उदाहरण है,जिस पर चलकर परिवार और समाज को ही नहीं समूचे राष्ट्र को स्वच्छ और समानता पूर्ण बनाया जा सकता है।इस दौरान स्वयं प्रकाश शुक्ला विवेक कुमार शुक्ल,सुरेश नारायण पाँडेय, सुरेंद्र




मिश्रा डा.दिनेश त्रिपाठी, सहज राम तिवारी सोनू मिश्रा वेद प्रकाश मिश्रा सरस चंद्र शुक्ला आर पी शुक्ला अरविंद शुक्ला सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## निराश्रित बुजुर्ग की आंखों का फ्री ऑपरेशन : कलेक्ट्रेट जाकर डीएम से लगाई थी गुहार : अब लौटेगी रोशनी

अलीगढ़ ब्यूरो : किसी की मदद करना उसका सहारा बनना कोई नई बात नहीं है, लेकिन आपकी थोड़ी सी पहल पर व्यक्ति को जो फायदा पहुंचा है, उसको तो मानों सारा जहान ही मिल गया। हम बात कर रहे हैं अलीगढ़ के जवां क्षेत्र के सियाखास निवासी बुजुर्ग ओमवीर सिंह की। जिन्हें डीएम इंद्र विक्रम सिंह की पहल पर आंखों का ऑपरेशन हो चुका है। जिससे उनकी आंखों की रोशनी वापस मिलने की संभावना बढ़ गई है। दो दिन पहले बुजुर्ग ओमवीर सिंह डीएम के पास कलेक्ट्रेट में मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। उन्होंने अपनी वेदना व्यक्त करते हुए बताया था कि इस बुढ़ापे में उनका कोई सहारा नहीं है। आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। आंखों से उन्हें दिखाई भी नहीं दे रहा है, जिससे वह अपना जीवन चलाने के लिए मजदूरी भी कर लें। डीएम ने मानवीयता दिखाते हुए बुजुर्ग ओमवीर सिंह को सरकारी गाड़ी से गांधी नेत्र चिकित्सालय भिजवाया। प्रशासनिक अधिकारी मधुप लहरी एवं चिकित्सकों की टीम ने ओमवीर सिंह की आंखों की जांच की और उनका निशुल्क ऑपरेशन भी कराया। डॉक्टरों के अनुसार यह ऑपरेशन सफल हुआ है और ओमवीर सिंह की दोनों आंखों की रोशनी वापस आ गई है। अस्पताल में ओमवीर सिंह को स्टाफ द्वारा ही खाना और दवाई दी जा रही है।

## जिलाधिकारी द्वारा इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल परशुरामपुर का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल परशुरामपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी अध्यापक/अध्यापिका उपस्थित मिली। निरीक्षण के दौरान कुल 47 बच्चे उपस्थित मिले। जिलाधिकारी के द्वारा बच्चों को दिए जाने वाला मिड डे मील चखकर गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा कक्षा 5 के शाश्वत, श्रेजल अग्रहरी से हिंदी की किताब पढ़वाई। कक्षा एक की श्वेता व हिमांशु ने जिलाधिकारी को ए से जेड तक अंग्रेजी वर्णमाला पढ़कर सुनाया। जिलाधिकारी ने विद्यालय की छत को ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि बच्चों को मिड डे मील खाने के लिए एक टीन शेड का निर्माण कराया जाए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण में पाया कि कुछ बच्चों के द्वारा अभी ड्रेस नहीं खरीदा गया है जिस पर अध्यापकों को निर्देशित किया कि उनके पेरेंट्स को प्रेरित करते हुए ड्रेस खरीदवाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सहायक अध्यापक साहबलाल, अनिल सरोज शिक्षामित्र, अजय कुमार, विभा देवी उपस्थित रहे।

## यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल आफिसर्स एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले के यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल आफिसर्स एसोसिएशन जौनपुर कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ । चुनाव में सुनील यादव अध्यक्ष व शुभम सिंह सचिव निर्वाचित घोषित किए गए ।कुल 57 कर्मचारियों ने मतदान किया। यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जौनपुर कार्यकारिणी का चुनाव जिला प्रशिक्षण संस्थान (डायट )परिसर के सभागार में कराया गया। जिसमें जिसमें चुनाव अधिकारी डॉ रविंद्र नाथ और चुनाव पर्यवेक्षक मंडलीय सचिव सुभाष सिंह की देखरेख में चुनाव संपन्न किया गया। जिसमें विभिन्न पदों के लिए आठ लोगों ने नामांकन किया। मतदान में कुल 57 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया और मतदान संपन्न होने के बाद वोटों की गिनती कराई गई ।जिसमें अध्यक्ष पद पर सुनील यादव ने 37 मत पाकर विजेता घोषित हुए । निकटतम प्रतिद्वन्द्वी रूद्र प्रताप पाल को 20 मत मिले। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर 37 मत पाकर रणजीत चौधरी जीते । मंगलेश शर्मा को 20 वोट से संतोष करना पड़ा ।वही सचिव पद पर कांटेदार टक्कर रही। जिसमें शुभम सिंह 31 मत पाकर विजेता घोषित हुए। विकास दीक्षित को 26 मत मिले ।कोषाध्यक्ष पद पर



अखिलेश यादव और ऑडिटर पद पर अनित कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। विजेता पदाधिकारियों को लोगों ने बधाई दी । चुनाव अधिकारी डॉ रवींद्रनाथ ने निर्वाचित पदाधिकारियो को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। डायट प्राचार्य सच्चिदानंद ने सभी विजेता उपविजेता को एक परिवार की कड़ी बताया और मिलकर आगे चलने की नसीहत दी। इस मौके पर रविंद्र कुमार मौर्य, दुर्गा शंकर राय, संजीव सिंह ,अखिलेश यादव, अनिल उपाध्याय, शैलेन्द्र यादव, संन्तोष सिंह ,धीरेन्द्र यादव गुड्डु ,धर्मेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा धान क्रय केंद्र बक्सा का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा साधन सहकारी समिति अर्धपुर, विकासखंड बक्सा में बने धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया कि आज किसी भी किसान के द्वारा धान विक्रय नहीं किया गया है। उन्होंने निर्देश दिया कि लेखपाल धान विक्रय के लिए किसानों को प्रेरित करें। धान क्रय केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में बोरा, कांटा उपलब्ध मिला। उन्होंने केंद्र प्रभारी बसंत निगम को निर्देशित किया कि क्रय केंद्र पर किसानों को बैठने के लिए एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था रहे। ग्राम सभा सुजिया मऊ का नाम पोर्टल पर नहीं होने की वजह से पंजीकरण में समस्या आ रही थी जिस पर डिप्टी आरएमओ को निर्देशित किया कि तत्काल समस्या का निस्तारण करा कर सूचित करें। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था सुदृढ़



करें जिससे किसानों को धान विक्रय में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**
**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**
deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।